## अराजकता | जिला अस्पताल विक्टोरिया में स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल

# ऑपरेशन के बाद ठंड में दरी पर बैठने मजबूर मरीज

**▸ महिला नसबंदी ऑपरेशन से जुड़ा गंभीर मामला**

**नवभारत,जबलपुर।** जिला अस्पताल विक्टोरिया में एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की पोल खुली और मरीजों ने अपने आप को ठगा सा महसूस किया। ताजा मामला और तस्वीरें उन महिला मरीजों की सामने आईं जिन्हें ठंड के दौरान महिला नसबंदी ऑपरेशन के बाद अस्पताल की दरी पर बैठा दिया गया। यहां न तो पर्याप्त बैड हैं, न कंबल या हीटर जैसी कोई व्यवस्था। जानकारों का स्पष्ट कहना है कि विक्टोरिया अस्पताल प्रबंधन सीधे तौर पर मरीजों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

जानकारी के अनुसार एलटीटी ऑपरेशन के बाद महिलाओं पर दवाइयों का असर रहता है, जिससे उनका संतुलन बिगड़ जाता है और चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है। इसके बावजूद अस्पताल में ऐसी महिलाओं को स्ट्रैचर और व्हील चेयर उपलब्ध नहीं हो पा रहीं हैं। ताजी तस्वीरों में तो ऑपरेशन के बाद महिलाएं खुद पैदल चलकर बाहर जाती हुईं दिखाई दे रहीं हैं। इस तरह की लापरवाही से स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि एक सर्जन द्वारा प्रतिदिन अधिकतम 30 महिला नसबंदी ऑपरेशन किए जाएं, ताकि मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल सके। लेकिन जिला अस्पताल विक्टोरिया में इन नियमों को ताक पर रखकर 30 से अधिक ऑपरेशन किए जा रहे हैं।



### कुछ इस तरह के हैं नियम

एनएचएम ने महिला नसबंदी कार्यक्रम के तहत मरीजों की सुरक्षा और सुविधा के लिए 12 बिंदुओं के नियम जारी किए हैं। इनमें साफ सफाई, संक्रमण से बचाव, पर्याप्त बेड, दवाइयों की सही खुराक, निगरानी, आपात स्थिति में सुविधा और पोस्ट ऑपरेटिव केयर जैसी अहम बातें शामिल हैं। लेकिन जिला अस्पताल में इन नियमों का पालन होता फिलहाल नजर नहीं आ रहा है।

### इनका कहना है

—महिला नसबंदी ऑपरेशन जिस दिन हुआ था उस दिन महिलाओं की संख्या अधिक हो गई थी और दो डॉक्टर्स द्वारा सभी महिलाओं के विधिवत ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए गए। अस्पताल में महिला मरीजों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

**—डॉ. संजय मिश्रा, सीएमएचओ, जबलपुर**

# दफ्तरों के गलियारे

### कॉपी पेस्ट के चक्कर में जब पार्टी का बना दिया मजाक...


मध्यप्रदेश के भाजपा के बड़े नेता पार्टी छोड़कर कांग्रेस में जल्द ही शामिल हो रहे हैं जिसमें 40 से 50 विधायक और 10 से 15 सांसद शामिल हैं। जैसे ही ये खबर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सेवक नाम के व्हॉट्सएप ग्रुप में पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक के चहेते कांग्रेसी नेता ने पोस्ट की ठीक वैसे ही चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। कई कांग्रेसी नेता तो अपने आप में खुशी से फूले नहीं समाए और कई कांग्रेसियों का सीना चार गुना चौड़ा हो गया। लेकिन कुछ देर बाद जब हकीकत सभी के सामने आई तो पता चला कि ये मैसेज फेक है और इधर से उधर कॉपी पेस्ट के चक्कर में ये पोस्ट कांग्रेस के ग्रुप में वायरल कर दी गई। तो फिर सारे कांग्रेसियों के चेहरे उदास हो गए। उधर भाजपा ने कांग्रेसियों की इस हरकत का काफी मजाक बनाया।

### अब तो साहब हम ही है...



क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पुराने साहब सेवानिवृत होने के बाद नई मैडम को जबलपुर का अतिरिक्त प्रभार मिला है। लेकिन अतिरिक्त प्रभार होने के कारण मैडम जबलपुर नहीं आ पा रही है, जिससे सभी जरूरी काम वह ऑनलाइन ही कर रही हैं। इसके विपरीत सहायक के रूप में कार्य कर रहे साहब ही सभी काम देख रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक सेवानिवृत होने के पहले पुराने साहब ने जो फाइलें साइन की थी, उन फाइलों को सहायक के रूप में कार्य करने वाले साहब मान्य नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण उन सभी फाइलों को अप्रूवल नहीं मिल रहा है। सूत्र बताते हैं कि साहब उन सभी फाइलों को दुबारा ऑर्डर करने और फीस भरने कह रहे हैं, जो पुराने साहब जाने से पहले ही पास कर चुके हैं। जिससे परेशान एजेंटों में यह चर्चा चल रही है कि पुराने साहब की फाइल को मान्य ना करके सहायक बनकर बैठे साहब ने बता दिया कि अब तो साहब हम ही हैं.. हमारे अनुसार कार्य होगा।

### उम्मीदों के मुताबिक रहे परिणाम...



सूबे की सबसे बड़ी अदालत में शुक्रवार को हुई सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्तियों पर दिनभर चर्चाएं होती रही। पहले तो कुछ वकीलों द्वारा ठंड के इस मौसम में गुनगुनी धूप सेकते हुए नियुक्तियों में हो रही देरी को लेकर तर्क वितर्क पेश किए गए। वही अचानक शुक्रवार को हुई नियुक्तियों को लेकर अपने मुख से बताए गए नामो के सिलेक्ट हो जाने पर श्रेय लेते दिखाई दिए। वही एक वरिष्ठ अधिवक्ता तो यह तक बोल गए कि परिणाम उनकी उम्मीदों के मुताबिक था।

### मझले वाले की चतुराई से साहब खफा...



एक सनसनीखेज क्राइम के खुलासे को लेकर कोई खुश तो कोई मायूस था। आरोपी को कितनी मेहनत से पकड़ा गया इसे बताने पूरी स्क्रिप्ट बनाई गई। बड़े साहब अपने दरबार में खुलासे की तैयारी में थे। इसके पहले ही मझले साहब ने चतुराई दिखाई। टीम के साथ आरोपी को सडक़ पर लेकर उतर गए। खुलासे के इंतजार में बैठे साहब को पता चला तो अरमान पर पानी फिरता देख वे खफा हो गए। इसके पहले खुलासे की घोषणा हो चुकी थी जिसमें साहब को शिरकत करना नागवार गुजरा तो औपचारिकता पूरी करने एएसपी को मैदान में उतार दिया गया वहां बड़े साहब तो नहीं दिखे लेकिन वो जरूर कूदे जिन्होंने होशियार दिखाई थी।

**विवेक दुबे, अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, अजहर खान**

# क्या नए साल में होगी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही

**▸ कुलगुरु के साथ अभद्र व्यवहार के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया है नोटिस**

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के औचक निरीक्षण के दौरान कर्मचारी संजय यादव द्वारा की गई अनुशासनहीन हरकत ने विवि प्रशासन की नींद उड़ाई हुई है। विश्वविद्यालय ने संजय यादव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है और संकेत दिए हैं कि यदि उसका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई होगी। विगत सप्ताह हुई विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् ने भी एकमत से कहा कि इस प्रकार की घटनाएं विश्वविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई अनिवार्य है। जिसके बाद रजिस्ट्रार ने संजय यादव को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अब देखना होगा कि संजय यादव के ऊपर साल के अंत या नए साल की शुरुआत में कब कार्यवाही होती है।



### औचक निरीक्षण के दौरान की थी अभद्रता

राजभवन के प्रतिनिधि और विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा लेखा शाखा का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान कर्मचारी संजय यादव ने अचानक कुलगुरु की कमर में हाथ डालकर उन्हें अपनी ओर खींचने का प्रयास किया, जिससे कुलगुरु और मौके पर मौजूद अधिकारी स्तब्ध रह गए।

### पहले से चल रही है अनियमितताओं की जांच

विदित है कि संजय यादव पूर्व में लेखा शाखा में पदस्थ था, लेकिन अनियमितताओं की शिकायत के बाद उसे वहां से हटा दिया गया था। उसकी भूमिका की जांच के लिए पहले से ही एक समिति गठित है। विश्वविद्यालय में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर संजय यादव पर पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जांच टीम ने विश्वविद्यालय में अपराधिक प्रकरण दर्ज वाले लोगों को हटाने के लिए आदेशित किया था, लेकिन आज भी वह विश्वविद्यालय में कार्य कर रहा है।

# ननि टीम को धमकाया, झड़प, प्रकरण दर्ज

**▸ दो की गिरफ्तारी के बाद हड़ताल स्थगित**

**जबलपुर।** मेडिकल कॉलेज में चालानी कार्रवाई के दौरान उपजे विवाद के बाद दुकानदार ने कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर निगम टीम को धमकाने के साथ झड़प की। इसके बाद अधिकारी कर्मचारी आक्रोशित हो गए और सोमवार को अनिश्चितकालीन काम-बंद हड़ताल पर जाने का निर्णय ले लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। दो की गिरफ्तारी दर्ज की। इसके बाद हड़ताल स्थगित हुई।

जानकारी के मुताबिक मेडिकल कॉलेज के पास नेक शर्मा की दुकान में चालानी कार्रवाई के दौरान संतोष माहौर, सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारी का विवाद हुआ। बात मारपीट तक पहुंची। आरोप है कि घंटों पीड़ित



अधिकारी व कर्मचारी थाने में बैठे रहे लेकिन सुनवाई नहींहुई। इसके बाद निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय के आपसी सहयोग के बाद प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही विजय गुजराती और राजेश झारिया की गिरफ्तारी दर्ज हुई। जबकि अ न्य की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया। प्रशासन की इस निर्णायक कार्रवाई से संतुष्ट होकर कर्मचारी संगठनों ने अपनी प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित करने का बड़ा निर्णय लिया है।

# सीजन में पहली बार पारा 7 .2 डिग्री तक लुढ़का



**जबलपुर।** न्यूनतम तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव के बीच कड़ाके की ठंड अपना असर दिख रही है। शहर कोहरा और शीतलहर की चपेट में है। रविवार को सीजन में पहली बार सबसे कम न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो सामान्य से तीन डिग्री कम है।

रविवार की सुबह कोहरे के साथ हुई। धुंध छटने के साथ सूर्यदेव ने दर्शन दे दिए हैं। गुनगुनी धूप लोगों को अच्छी लगी।

शाम ढलने के बाद ठंडी हवाएं चली जिसने लोगों को ठिठुरा दिया। लोग गरम कपड़े लादकर बाहर निकले। जगह-जगह अलाव भी जलते देखे गए।

### ऐसा रहा तापमान

रविवार को अधिकतम तापमान 24.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। सुबह के वक्त आद्रता 90 और शाम को 61 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तरी हवाएं 3 से 4 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

### ये सिस्टम है सक्रिय

मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर उत्तर में अवस्थित है। पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर, लगभग 222 किमी/घंटे की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 30 दिसंबर 2025 से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है।



# घरवालों से नाराज होकर शहर पहुंचा था बालक

**जबलपुर, नवभारत।** जीआरपी थाना जबलपुर के स्टाफ द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक भटके हुए बालक अमित चेचाम पिता नरेश चेचाम उम्र 10 वर्ष निवासी गणेश धाम थाना बाणगंगा इंदौर जो की अपने घर वालो से नाराज़ होकर स्कूल ड्रेस में इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस से जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुँच गया था, ज़ो ड्यूटी स्टाफ द्वारा लड़के को प्लेटफार्म पर अकेला स्कूल ड्रेस में होने से थाने लाकर बच्चे से पूछताछ की गई। बालक द्वारा बताया गया कि इंदौर छेत्र का रहने वाला है घर से नाराज़ होकर निकल गया था जो तत्काल थाना बाणगंगा इंदौर से संपर्क किया गया थाने में परिजनों द्वारा बच्चे के गुमने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी बालक की परिजनों से बात कराई गई एवं परिजनों के उपस्थित आने पर पूछताछ के उपरांत बच्चे को सकुशल सुपुर्द किया गया।

# गैंग की गुंडई : युवक को निर्वस्त्र कर पीटा, वीडियो किया वायरल



**जबलपुर।** बदमाशों ने गुंडई दिखाते हुए एक युवक को निर्वस्त्र कर उसकी बेरहमी से पिटाई की। जिसका वीडियो भी बनाया और फिर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो पर कमेंट्स में लिखा गया कि लाला गैंग आधार ताल, पीयूष लाला गैंग हाउसिंग बोर्ड। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि एक युवक को बदमाश जूते चप्पल लातों से पीट रहे। जिस आईडी से वीडियो लीक हुआ है वे निक्की ठाकुर के नाम से बनाई गई है। बताया जाता है कि वीडियो में दिख रहे युवकों में से एक आरोपी पर अभी हाल ही में चाकू बाजी का प्रकरण दर्ज हुआ है। अधारताल टीआई का कहना है कि निक्की ठाकुर की आईडी से युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ है मामले की जांच चल रही है। निक्की ठाकुर गोरखपुर थाना क्षेत्र में हुई चाकू बाजी के मामले में फरार चल रहा है वीडियो कब का है और कहां का है तफ्तीश चल रही है उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# शराब के नशे में युवक ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत छपरट में रहने वाले युवक ने शराब के नशे में धुत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक बल्लू झारिया 60 वर्ष निवासी ग्राम छपरट ने बताया कि वह ग्राम कोटवार है। रविवार सुबह लगभग 10-30 बजे अपने खेत जा रहा था तभी उसके घर के सामने रहने वाला श्रीराम झारिया शराब पिये हुये था श्रीराम झारिया की पत्नी घर में नहीं थी, श्रीराम झारिया शराब के नशे में गांव में घूम रहा था दोपहर लगभग 3-30 बजे खेत से वापस आया देखा श्रीराम झारिया 45 वर्ष ने अपने घर के बाजू में लगे बिही के पेड़ की डाली से लायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर मृत अवस्था में लटका था।

# सड़क हादसों में दो सगे भाईयों समेत चार की मौत, दो घायल

**जबलपुर। शहर एवं ग्रामीण अंचल में हुए अलग-अलग सड़क हादसो में दो सगे भाईयों समेत चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये सड़क हादसे पनागर, बेलखेड़ा, गोसलपुर, खितौला, बरेला थाना क्षेत्र में हुए है। पुलिस ने सभी मामलों में प्रकरण दर्ज कर लिया है।**



बेलखेड़ा पुलिस के मुताबिक राजकुमार ठाकुर 22 वर्ष निवासी ग्राम टिगरिया थाना जावर जिला सीहोर ने बताया कि उसके पिता कृपाल सिंह और चाचा ओंकार सिंह ग्राम टिगरिया से पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 2959 से शहडोल जाने के लिये निकले थे, बेलखेड़ा के पास एनएच 45 भोपाल-जबलपुर रोड़ गुल्ला चौहारा में डंपर क्रमांक एमपी 20 एचबी 6494 के चालक ने अपने डंपर को रोड पर लापरवाही पूर्वक असुरक्षित रूप से रोड़ पर खड़ा कर दिया जिससे उसके पिता की पिकअप क्रमांक एमपी 04 जीबी 2959 डम्फर से टकरा गई जिससे पिता एवं चाचा दोनों को शरीर में गम्भीर चोटें आने से उसके पिता कृपाल सिंह ठाकुर 40 वर्ष एवं चाचा ओंकार सिंह ठाकुर 43 वर्ष दोनों दोनों को सीएचसी शहपुरा में डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। वहीं खितौला थाना अंतर्गत बीपी पेट्रोल पंप-पहरेवा के बीच अज्ञात वाहन ने युवक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक कौन और कहां का रहने वाला है इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है। इसके अलावा बरेला एवं पनागर थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। बरेला पुलिस ने बताया कि श्रीमति कविता भूमिया 20 वर्ष निवासी ग्राम सगड़ा क्रेसर बस्ती थाना तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि भाई मुन्नालाल व संदीप सेन रोड किनारे खड़े थे तभी पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 4394 के चालक ने टक्कर ने भाई को टक्कर मार चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार पनागर थाने में ऋषिराज महंत 45 वर्ष निवासी दादाधाम साई खेड़ा जिला नरसिंहपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उमरिया चौबे में बाइक क्रमांक एमपी 20 जेड जेड 8227 के चालक ने टक्कर मार दी जिससे उसे चोट आ गई।

### ट्रक ने रौदा साईकिल सवार की मौत

गोसलपुर थाने के सामने रविवार दोपहर एक बेलगाम ट्रक ने साइकिल सवार को रौंद दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब एक बजे ट्रक क्रमांक एमपी 21 जी 3168 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही चलाते हुए साइकल सवार बुजुर्ग को कुचल दिया। टक्कर के बाद वृद्ध उछलकर दूर जा गिरा और सिर में गंभीर चोटें आने से उसकी मौत हो गई। मृतक कौन है इसका पता नहीं चल सका है पुलिस शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।




# आसमान से जमीन पर गिरा मटर का भाव

**▸ किसानों की पूंजी तक निकलना हो रही मुश्किल**

**नवभारत,जबलपुर।** अचानक मटर के भाव गिरने से किसानों के माथे में चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से इन दिनों देखी जा रहीं हैं। क्योंकि किसानों की आय का मजबूत सहारा मानी जाने वाली मटर की फसल इस बार किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित होती नजर आ रही हैं। मंडियों में मटर के भाव बहुत नीचे गिर चुके हैं जहां सीजन की शुरूआत में मंडियों में मटर 60 से 70 रुपए प्रति किलो तक बिका था तो वहीं अब मटर 18 से 20 रुपए प्रति किलो पर बिक रहा है।

मटर का व्यवसाय करने वाले किसानों का कहना है कि मौजूदा भाव के हिसाब से उनकी लागत तक नहीं निकल रही है। जबकि बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरी पर हजारों रुपये खर्च करने के बाद भी मुनाफा तो दूर अब पूंजी वापस आना भी बेहद टेढ़ी खीर नजर आ रहा है। कुछ किसानों ने नवभारत को बताया



कि मटर की खेती में प्रति एकड़ 30 से 35 हजार रुपये तक का खर्च आता है, लेकिन मौजूदा दामों में उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। उधर स्थानीय व्यापारियों की माने तो मटर की मांग कमजोर होने और स्टॉक अधिक होने के कारण मटर के दामों में भारी गिरावट आई है।

नुकसान की भरपाई में जुटे किसान जानकारी के अनुसार जिले के ऐसे सभी किसान जो मटर की खेती कर रहे थे वे सभी मटर की फसल अलग करके गेंहू , चना और सब्जी की फसलों की ओर रूख करने लगे हैं जिससे किसी तरह नुकसान की भरवाई की जा सके।

# 8 .96 लाख वसूली से बचने अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी

**▸ जांच में साबित हुआ सीएम बाल श्रवण योजना में किया था भ्रष्टाचार**

**नवभारत,जबलपुर।** सीएम बाल श्रवण योजना में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला की मुसीबतें कम नहीं हो रहीं हैं। हाल ही में मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय द्वारा की गई जांच में 8.96 लाख रुपए वसूली के आदेश जारी होने के बाद जिला प्रबंधक चारों तरफ से घिर चुके हैं। पूरा मामला राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जिले में अनियमित भुगतान से जुड़ा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रबंधक सुभाष शुक्ला अब स्टे पाने और अपनी बात रखने कोर्ट के दरवाजा खटखटाने वाले हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि 8.96 लाख रुपए चुकाने के पहले सुभाष शुक्ला कोर्ट जाएंगे और कोर्ट से स्टे लेकर फिलहाल अभी इस वसूली की कार्रवाई पर विराम लगाने की कोशिश करेंगे।

### 2018-19 में की गई थी शिकायत



जानकारी के अनुसार सतेंद्र कुमार यादव ने वर्ष 2018-19 के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए भुगतानों में अनियमितता की शिकायत दर्ज कराई गई थी। क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर संभाग द्वारा गठित जांच समिति ने प्रकरण की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय को सौंपी। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि वर्ष 2018-19 में कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी से संबंधित भुगतान बिना आवश्यक परीक्षण और मानकों के अनुरूप किए गए। जांच समिति ने पाया कि तत्कालीन जिला शीघ्रहस्तक्षेप प्रबंधक सुभाष कुमार शुक्ला द्वारा भुगतान प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई और बिना एवीटी (ऑडिट वेरिफिकेशन टीम) की अनुशंसा के राशि का भुगतान किया गया। इस दौरान 8 लाख 96 हजार रुपये का अनियमित भुगतान किया जाना प्रमाणित हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक 2025 के माध्यम से उक्त अनियमित राशि की वसूली के निर्देश दिए गए। इसके बाद सुभाष शुक्ला ने मानव संसाधन मैनुअल 2025 की कंडिका 11.6 (क) के तहत अपील प्रस्तुत की गई। जहां दस्तावेजों और जांच रिपोर्ट के आधार पर मिशन कार्यालय ने जांच समिति के निष्कर्षों को सही ठहराया। इसके आधार पर सुभाष शुक्ला को दोषी मानते हुए 8 लाख 96 हजार रुपये की वसूली का आदेश यथावत रखा।

### इनका कहना है

-सुभाष शुक्ला को दोषी मानते हुए 8 लाख 96 हजार रुपए वसूली के आदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय से दिए गए हैं। सुभाष शुक्ला राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी हैं इसलिए जो भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी वो भोपाल के इसी कार्यालय से होगी।

**—डॉ. संजय मिश्रा, सीएमएचओ।**







स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57